# दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित हवा वाला शहर

## खराब हवा के मामले में भारत विश्व में तीसरे, पाक दूसरे नंबर पर और बांग्लादेश की हवा सबसे ज्यादा खराब

**नई दिल्ली ( एजेंसी )**

भारत 2023 में तीसरा सबसे प्रदूषित हवा वाला देश रहा। स्विस ऑर्गेनाइजेशन आईक्यू एयर की वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2023 के मुताबिक, बांग्लादेश दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा वाला देश रहा। 134 देशों की इस लिस्ट में पाकिस्तान दूसरे नंबर पर है। रिपोर्ट के मुताबिक नई दिल्ली सबसे खराब हवा वाली राजधानी रही। बिहार का बेगूसराय दुनिया का सबसे प्रदूषित महानगर है, जबकि 2022 में इस लिस्ट में बेगूसराय का नाम भी नहीं था। 2022 में प्रदूषित हवा वाले देशों की सूची में भारत आठवें स्थान पर था।



**भारत में 96 प्रतिशत लोग 7 गुना खराब हवा में सांस ले रहे :** रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 1.33 अरब यानी 96 प्रतिशत लोग ऐसी हवा में रहते हैं, जिसमें पीएम 2.5 का स्तर डब्ल्यूएचओ के एनुअल स्टैंडर्ड से 7 गुना ज्यादा है। वहीं देश के 66 प्रतिशत शहरों में एनुअल पीएम 2.5 का स्तर 35 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से ज्यादा रहा। रिपोर्ट में पीएम 2.5 कणों के आधार पर देशों, राजधानियों तथा शहरों की रैंकिंग की गई है। यह एक तरह का पार्टिकुलेट मैटर होता है, जिसका डायमीटर (व्यास) 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम होता है। यह बेहद छोटे कण होते हैं, जो हवा की गुणवत्ता को खराब करते हैं। भारत में पिछले साल पीएम 2.5 का औसत स्तर 1 क्यूबिक मीटर में 54.4 माइक्रोग्राम रहा। यह डब्ल्यूएचओ के पैमाने से 10 गुना ज्यादा था।

**प्रदूषित हवा से हर साल 70 लाख लोग जान गंवा रहे :** डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में हर साल प्रदूषित हवा की वजह से 70 लाख लोगों की मौत हो जाती है। वहीं मरने वाले हर 9 लोगों में से 1 की मौत खराब हवा के कारण हो रही है। आईक्यू एयर ने बताया कि इस साल का डेटा 30,000 से ज्यादा वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों और रिसर्च संस्थानों, विश्वविद्यालयों और सरकारी एजेंसियों के डेटा को इकट्ठा करके जारी किया किया गया है। राजधानी दिल्ली में पिछले साल पीएम 2.5 का स्तर 1 क्यूबिक मीटर में 92.7 माइक्रोग्राम रहा। जबकि बेगूसराय में यह 118.9 माइक्रोग्राम रहा। दिल्ली को 2018 से लगातार चार बार दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का दर्जा दिया जा चुका है।

# दिवंगत साथियों को याद करके भावुक हुए मोदी

## प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में कहा-हिंदू धर्म का अपमान करते हैं 'इंडिया' गठबंधन वाले

**नई दिल्ली ( एजेंसी )**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु में अपने दिवंगत साथियों को याद करके भावुक हो गए। तेलंगाना के स्टेट प्रेसिडेंट रहे केएन लक्ष्मण और पार्टी के ऑडिटर रहे रमेश का जिक्र करते ही पीएम 63 सेकेंड तक खामोश रहे। इसके बाद उन्होंने अपनी बात जारी रखी। मोदी मंगलवार को सेलम में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने कहा कि तेलंगाना के स्टेट प्रेसिडेंट रहे केएन लक्ष्मण ने पार्टी के प्रचार के लिए बहुत काम किया। पार्टी के ऑडिटर रहे रमेश को भी मैं नहीं भूल सकता। उन्होंने पार्टी के लिए काफी काम किए हैं। आज वे हमारे साथ नहीं हैं। उनकी हत्या कर दी गई। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी 5 दिन के दक्षिण भारत के दौरे पर हैं। मंगलवार को सुबह उन्होंने केरल के पलक्कड़ में रोड शो किया था। इसके बाद तमिलनाडु के सेलम में उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए 17 मार्च की इंडिया अलायंस की रैली का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इंडिया वाले हिंदू धर्म का बार-बार अपमान करते हैं। हिंदू धर्म की जिस शक्ति में आस्था होती है, डीएमके और कांग्रेस इस शक्ति का विनाश करना चाहते हैं।

**राहुल के शक्ति वाले बयान से शुरू हुआ था विवाद :** दरअसल, 17 मार्च को इंडिया की मुंबई में रैली हुई थी, जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। 18 मार्च को तेलंगाना के जगतियाल में मोदी ने राहुल गांधी के बयान का जवाब देते हुए कहा था कि मेरे लिए तो हर मां-बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा। मोदी के इस बयान के बाद राहुल ने सोशल मीडिया X पर लिखा-पीएम को मेरी बातें अच्छी नहीं लगती हैं इसीलिए वो बातों का गलत अर्थ निकालते हैं।


# प्रदेश में अगले सप्ताह से तेज होगी गर्मी

*__मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।__ राजस्थान के तापमान में मंगलवार को उतार-चढ़ाव देखा गया। कोटा, उदयपुर, बारां, सिरोही, जोधपुर समेत अन्य शहरों में आज न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई। इससे सुबह-शाम हल्की सर्दी रही। सबसे ठंडी रात अलवर में रही, जहां का न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे पहले कल बाड़मेर में 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। जयपुर मौसम केन्द्र से जारी फोरकास्ट में राज्य में अगले 5 दिन आसमान साफ रहने और तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है।*

*पिलानी, सीकर, बाड़मेर, चूरू में आज न्यूनतम तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी हुई। बाड़मेर में तापमान एक डिग्री बढ़कर 18.8, चूरू में पारा बढ़कर 15.4, पिलानी में तापमान 14.1 और सीकर में 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे पहले इन शहरों में कल दिन में गर्मी तेज रही। सीकर में दिन का तापमान 30 और चूरू-पिलानी में 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। करौली में न्यूनतम तापमान 10.8, हनुमानगढ़ में 11.9, फतेहपुर-सीकर में 12 और जालोर में 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।*

*__जयपुर में गर्मी बढ़ी :__ जयपुर में सोमवार को दिन का तापमान एक डिग्री बढ़कर 31.4 डिग्री सेल्सियस, जबकि मंगलवार को न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में आसमान साफ रहा और दिन में तेज धूप रही। यहां अगले चार-पांच दिन आसमान साफ रहने और दिन का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर जा सकता है।*

### अब 9 अप्रैल को होगी 237 याचिकाओं पर सुनवाई



# सुप्रीम कोर्ट बोला-सीएए पर तीन हफ्ते में जवाब दे केंद्र सरकार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ दायर 237 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इन याचिकाओं में से 20 में कानून पर रोक लगाने की मांग की गई है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल (स्त्र) तुषार मेहता ने जवाब दाखिल करने के लिए 4 हफ्ते का समय मांगा। कोर्ट ने उन्हें 3 हफ्ते का समय दिया है।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि यह एक्ट किसी की भी सिटिजनशिप नहीं छीन रहा है। 2014 से पहले देश में आए लोगों को ही नागरिकता दी जा रही है। उसके बाद आए किसी नए शरणार्थी को नहीं।

याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि केंद्र के जवाब देने तक नई नागरिकता नहीं दी जाए। ऐसा कुछ होता है तो हम फिर कोर्ट आएंगे। इस पर सीजेआई की बेंच ने कहा कि हम यही हैं। केंद्र सरकार को स्टे पर जवाब देने के लिए 2 अप्रैल तक का समय दिया जाता है। उस पर 8 अप्रैल तक एफिडेविट फाइल कर सकते हैं। इस तरह हम 9 अप्रैल को सुनवाई से पहले जरूरी बातों को सुन लेंगे। असम और त्रिपुरा से जुड़ी याचिकाओं में अलग नोट दिया जाए।

केंद्र ने सीएए लागू होने का नोटिफिकेशन 11 मार्च को जारी किया था। इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए शरणार्थियों को नागरिकता मिलेगी।

इसके खिलाफ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, असम कांग्रेस नेता देबब्रत सैकिया, असम जातीयतावादी युवा छात्र परिषद, डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया ने याचिका लगाई है।

# चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट पर होगा त्रिकोणीय संघर्ष

## बीएपी ने मांगीलाल को बनाया उम्मीदवार



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव के ऐलान के साथ ही बीजेपी और कांग्रेस को टक्कर देने के लिए अब भारतीय आदिवासी पार्टी चुनावी मैदान में उतर गई हैं। डूंगरपुर-बांसवाड़ा और उदयपुर के बाद अब बीएपी ने चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट से मांगीलाल निमामा को चुनावी मैदान में उतारकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। मंगलवार को पार्टी पदाधिकारी की बैठक के बाद भारतीय आदिवासी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत ने चित्तौड़गढ़ लोकसभा सीट के प्रत्याशी का ऐलान किया। मांगीलाल प्रतापगढ़ जिले के सालमगढ़ क्षेत्र के रहवासी हैं। निनामा ने विधानसभा चुनाव 2023 में बड़ी संख्या में वोट हासिल किए थे।

## बिजनेस

### मैरियट इंटरनेशनल, इंक ने किया एमओयू

# रिट्ज-कार्लटन की शुरुआत के लिए समझौते पर हस्ताक्षर

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** मैरियट इंटरनेशनल, इंक. ने मंगलवार को जयपुर, राजस्थान में अपने विश्व स्तर पर प्रशंसित द रिट्ज-कार्लटन ब्रांड को पेश करने के लिए गुरनानी रिसॉर्ट्स एंड होटल्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह रिसोर्ट 2028 में शुरू हो जाने की सम्भावना है, यह 250-की रिजॉर्ट यहां प्रतिष्ठित 'पिंक सिटी ऑफ इंडिया' के लिए क्लासिक आधुनिक डिजाइन और अपनी प्रसिद्ध सेवाओं की पेशकश करेगा। रिट्ज-कार्लटन, जयपुर अपने गंतव्य-प्रेरित डिजाइन और अत्यधिक वैयक्तिकृत सेवा के साथ शहर के लक्जरी होटल परिदृश्य को ऊंचा उठाने के लिए तैयार है।



इस अवसर पर मैरियट इंटरनेशनल एवं गुरनानी रिसॉर्ट्स के बीच एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किये जिसमे मुकेश गुरनानी, अक्षय गुरनानी, कमल गालानी, मोहन गुरनानी, राजीव मेनन, किरण एंडिकॉट, दिनेश गुरनानी और कुणाल गुरनानी शामिल है। चीन को छोड़कर एशिया प्रशांत के अध्यक्ष राजीव मेनन ने कहा, हम अपने मैरियट बॉनवॉय पोर्टफोलियो में द रिट्ज-कार्लटन जयपुर के रणनीतिक समावेश का अनावरण करते हुए रोमांचित हैं, जिससे जयपुर के जीवंत शहर में हमारी उपस्थिति मजबूत हो गई है, जहां वर्तमान में हमारे पास पांच परिचालन होटल हैं। गुरनानी रिसॉर्ट्स एंड होटल्स के साथ हमारा सहयोग भारत के प्रति हमारी स्थायी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, एक ऐसा देश जो अपनी मजबूत और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता है। लक्जरी यात्रा में घरेलू बाजार की बढ़ती रुचि प्रसिद्ध वैश्विक लक्जरी ब्रांडों की मांग में वृद्धि को बढ़ावा दे रही है। यह रणनीतिक हस्ताक्षर उन गंतव्यों में हमारे प्रतिष्ठित ब्रांडों को विचारपूर्वक विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है जहां हम जानते हैं कि हमारे मेहमान सबसे अधिक यात्रा करना चाहते हैं।


# दिसंबर 2024 तक आएगी पहली 'मेड-इन-इंडिया' चिप

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत की पहली 'मेड-इन-इंडिया' चिप दिसंबर 2024 तक बनकर मार्केट में आ जाएगी। इस बात की जानकारी आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने एक टीवी इवेंट में दी। वैष्णव ने कहा कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स का हब बन गया है। यहां से अभी 1 बिलियन डॉलर (करीब 8,294 करोड़) का टेलीकम्युनिकेशन इक्विपमेंट का एक्सपोर्ट हो रहा है। इससे पहले उन्होंने कहा था, अगले 5 साल यानी 2029 तक भारत दुनिया के टॉप-5 चिप ईकोसिस्टम का हिस्सा होगा।

**प्लांट का निर्माण कार्य 100 दिन में शुरू होगा :** हाल ही में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'इंडियाज टेकेड: चिप्स फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम में लगभग 1.26 लाख करोड़ रुपए के तीन सेमीकंडक्टर फैसिलिटीज की नींव रखी। इस मौके पर मोदी ने कहा कि इससे भारत को सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के लिए ग्लोबल हब बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, आज हम इतिहास भी लिख रहे हैं और उज्ज्वल भविष्य की ओर मजबूत कदम भी उठा रहे हैं। 21वीं सदी तकनीक आधारित सदी है, जिसकी कल्पना चिप्स के बिना नहीं की जा सकती। तीनों फैसिलिटीज की मैन्युफैक्चरिंग का काम 100 दिनों के अंदर शुरू होगा।

# 'इसुजु आई-केयर प्री-समर कैम्प' पूरे भारत में शुरू

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** ग्राहक 19 मार्च से 24 मार्च, 2024 तक इसुजु के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर बेहतरीन सेवा का फायदा उठा सकते हैं। सबसे बेहतर सर्विस और स्वामित्व का अनुभव देने की इसुजु की प्रतिबद्धता को पुष्ट करने के अपने प्रयास में, इसुजु मोटर्स इंडिया पूरे देश में 'इसुजु आई-केयर प्री-समर कैम्प आयोजित करेगा। यह कैम्प कंपनी की इसुजु डी-मैक्स पिक-अप्स और एसयूवी रेंज के लिये है। इस सर्विस कैम्प का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतरीन लाभ और देशभर में इस मौसम में परेशानी-मुक्त ड्राइविंग का अनुभव प्रदान करने के लिये प्रीवेंटिव मेंटेनेंस चेक्स प्रदान करना है। 19 मार्च से 24 मार्च, 2024 (दोनों दिन शामिल) के बीच, 'इसुजु केयर' की एक पहल, प्री समर कैम्प का आयोजन इसुजु के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर किया जायेगा। इस अवधि के दौरान, ग्राहक अपने वाहनों के लिये विशेष ऑफर्स और लाभ भी ले सकते हैं।




यह प्री-समर कैम्प अहमदाबाद, बारामूला, बेंगलुरु, बिमावरम, भुज, भुवनेश्वर, कैलिकट, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली, दीमापुर, दुर्गापुर, गांधीधाम, गोरखपुर, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हैदराबाद (कुकटपल्ली और एल.बी.नगर), इंदौर, जयपुर, जयगांव, जालंधर, जम्मू, जोधपुर, कोच्चि, कोलकाता, कोल्हापुर, कुरनूल, लेह, लखनऊ, मदुरै, मंडी, मैंगलोर, मेहसाणा, मोहाली, मुंबई, नवी मुंबई, नागपुर, नासिक, नेल्लोर, नोएडा, पुणे, रायपुर, राजमुंदरी, राजकोट, सिलीगुड़ी, सूरत, तिरूपति, त्रिवेन्द्रम, त्रिची, वडोदरा, विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम में स्थित इसुजु की सभी अधिकृत सर्विस फैसिलिटी पर आयोजित किया जायेगा।

## स्पोर्ट्स

# आईपीएल 2024 : 10 क्रिकेट लीग मिलकर भी आईपीएल से 4 गुना पीछे

## एक आईपीएल मैच की कमाई पूरी पाकिस्तानी लीग के बराबर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 17वां सीजन 2 दिन बाद शुरू होने जा रहा है। 2 महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट से बीसीसीआई बंपर कमाई करेगा। दुनिया की अन्य टॉप-10 क्रिकेट लीग मिलकर भी कमाई के मामले में आईपीएल से करीब चार गुना पीछे हैं। पाकिस्तान अपनी फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग पीएसएल से एक सीजन में ब्रॉडकास्टिंग राइट्स से जितनी कमाई करता है, आईपीएल एक मैच दिखाकर उतना कमा लेता है। आईपीएल की ब्रांड वैल्यू 2023 में 88 हजार करोड़ रुपए आंकी गई, जो इसे क्रिकेट में लंबे फासले से नंबर-1 लीग बनाती है।



आईपीएल के बाद दुनिया की टॉप-10 क्रिकेट लीग की ब्रांड वैल्यू मिलकर करीब 20 हजार करोड़ रुपए है। दुनियाभर के बड़े ब्रांड्स की वैल्यूएशन करने वाली कंसलटेंसी ब्रांड फाइनेंस की रिपोर्ट अनुसार, आईपीएल अकेले ही इन सबसे 4.4 गुना ज्यादा-88,000 करोड़ रुपए की ब्रांड वैल्यू रखता है। यानी दुनिया की टॉप-10 लीग मिलकर भी ब्रांड वैल्यू में आईपीएल से 340 प्रतिशत कम हैं। क्रिकेट लीग की ब्रांड वैल्यू में दूसरे नंबर पर इंग्लैंड का 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट है। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2,486 करोड़ रुपए की ब्रांड वैल्यू के साथ 5वें नंबर पर है। इसके ठीक नीचे भारत की विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) है, जिसकी ब्रांड वैल्यू 2,246 करोड़ रुपए है।

***क्या होती है ब्रांड वैल्यू ? :*** *ब्रांड वैल्यू किसी लीग के पूरे इकोसिस्टम की वैल्यू होती है। किसी टूर्नामेंट की ब्रांड वैल्यू उसके ब्रॉडकास्टिंग राइट्स, रेवेन्यू, मैदान में आने वाले दर्शक, स्पॉन्सर, टाइटल राइट्स, टीवी और ऑनलाइन दर्शक, खिलाड़ियों की कीमत, टीमों की कीमत और विज्ञापनों से तय होती है। आईपीएल की ब्रांड वैल्यू 2023 में 10.7 बिलियन डॉलर (करीब 88,700 करोड़ रुपए) रही। यानी किसी को अगर आईपीएल का मालिक बनना है तो उसे बीसीसीआई को 88,700 करोड़ रुपए देने होंगे।*

# सिद्धू की 6 साल बाद क्रिकेट कॉमेंट्री में वापसी

## आईपीएल के पहले मैच से करेंगे शुरुआत, पोस्ट शेयर की- सरदार ऑफ कॉमेंट्री इज बैक

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** कांग्रेस के सीनियर लीडर नवजोत सिंह सिद्धू एक बार फिर क्रिकेट में वापसी करने जा रहे हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में कॉमेंट्री करते नजर आएंगे। शुरुआत 22 मार्च को होने वाले पहले मैच से होगी। स्टार स्पोर्ट्स ने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी। लिखा- 'सरदार ऑफ कॉमेंट्री बॉक्स इज बैक'। सिद्धू ने भी इस ट्वीट को शेयर किया है। सिद्धू शुक्रवार को पंजाब के राज्यपाल बीएल पुरोहित से मिलने के लिए चंडीगढ़ पहुंचे थे। मीडिया से कहा था कि वे इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने यह बात जरूर कही थी कि क्रिकेट की कॉमेंट्री छोड़ने की वजह से उन्हें फाइनेंशियल नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा था कि मुश्किल समय में किरदार की पहचान होती है।



नवजोत सिंह सिद्धू के पिता सरदार भगवंत सिंह क्रिकेटर थे। वह चाहते थे कि उनका बेटा भी उनकी तरह खिलाड़ी बने। अपने पिता की इस इच्छा को पूरी करने के लिए सिद्धू क्रिकेट में आए। 1983 से 1999 तक टीम इंडिया का हिस्सा रहे।

# इस्लामाबाद यूनाइटेड ने तीसरी बार जीता पीएसएल

## फाइनल में मुल्तान सुल्तांस को 2 विकेट से हराया, इमाद वसीम प्लेयर ऑफ द मैच

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान सुपर लीग के सोमवार को कराची में खेले गए फाइनल में इस्लामाबाद यूनाइटेड ने मुल्तान सुल्तांस को 2 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही इस्लामाबाद यूनाइटेड तीसरी बार खिताब जीतने वाली टीम बन गई है। इस्लामाबाद यूनाइटेड के जीत के हीरो इमाद वसीम और मार्टिन गुप्टिल रहे। वसीम के पांच विकेटों की बदौलत इस्लामाबाद ने मुल्तान को निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। जबकि मार्टिन गुप्टिल के हाफ सेंचुरी की बदौलत इस्लामाबाद ने अंतिम गेंद पर दो विकेट शेष रहते हुए टारगेट को हासिल कर लिया। इस्लामाबाद यूनाइटेड की सबसे ज्यादा तीन बार खिताब जीतने वाली पहली टीम है। इससे पहले इस्लामाबाद ने 2016 और 2018 में खिताब अपने नाम किया था।



स्वत्वाधिकारी-अदिति भारद्वाज, प्रकाशक एवं मुद्रक मोहन शर्मा के लिए ए-9, प्रथम तल, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं मोहन शर्मा एण्ड कंपनी प्रा.लि. ए-9, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर से मुद्रित। संपादक : अरुज मोहन भारद्वाज, समूह संपादक : डॉ. उरुक्रम शर्मा
संपादकीय प्रभारी : फूलचन्द बिलोनिया* मो. 98875-21440, फोनः 2210316 फैक्स-2210022, अखबार प्राप्त करने के लिए : 2210316 आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2005/15194 e-mail: morningnews22@gmail.com/editorial.morningnews@gmail.com
*पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेदार।